Postal Reg. No.GDP -45/2017-2019

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ نَحۡمَدُہٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِہِ الۡکَرِیۡمِ وَعَلٰی عَبۡدِہِ الۡمَسِیۡحِ الۡمَوۡعُوۡدِ

وَلَقَدۡ نَصَرَکُمُ اللّٰہُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّۃٌ

वर्ष 2 | अंक 35

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

The Weekly BADAR Qadian HINDI

मूल्य 300 रुपए वार्षिक

संपादक शेख़ मुजाहिद अहमद

31 अगस्त 2017 ई. 8 ज़िलहिज्जा 1438 हिजरी कमरी

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दोलिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण अपना फ़ज़ल नाज़िल करे। आमीन

डिप्टी अब्दुल्लाह आथम के बारे में भविष्यवाणी है जो बहुत सफाई से पूरी हो गई है

ऐसे दिलों पर ख़ुदा की लानत के ऐसे स्पष्ट निशानों पर आरोप लगाने से नहीं रुकते।

उपदेश सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम

23- तीईसवां नशान - डिप्टी अब्दुल्लाह आथम के बारे में भविष्यवाणी है जो बहुत सफाई से पूरी हो गई है और यह वास्तव में दो पेशगोइयां थीं। प्रथम यह है कि वह पंद्रह महीने के अंदर मर जाएगा दूसरी यह कि अगर वह अपनी बात से रुक जाएगा जो उसने प्रकाशित कि नऊज़ो बिल्लाह आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम दज्जाल थे तो पन्द्रह * महीने के अंदर नहीं मरेगा और जैसा कि मैं लिख चुका हूँ मौत की भवष्यिवाणी इस आधार पर थी कि आथम ने अपनी एक किताब अनदरूना बाइबल नामक में हमारे नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को दज्जाल कहा था और यह सच है कि भविष्यवाणी में आथम के मरने के लिए पंद्रह महीने की अवधि थी लेकिन साथ ही यह शर्त थी जिसके ये शब्द थे कि "बशर्ते सच्चाई की तरफ न लौटे।" लेकिन आथम उसी सभा में लौट गया और निहायत विनम्रता से ज़बान निकाल कर और दोनों हाथ कान पर रखकर दज्जाल कहने से लज्जा प्रकट की। इस बात के गवाह न एक न दो बल्कि साठ या सत्तर आदमी हैं जिनमें से आधे के करीब ईसाई हैं और आधे के करीब मुसलमान और मैं विचार करता हूं कि पचास के लगभग अभी तक उनमें से जीवित होंगे जिनके सामने आथम ने दज्जाल कहने से रुक गया और मरते समय तक एक शब्द मुंह से निकाला। अब सोचना चाहिए कि कैसी बुरी बात और बदमाशी और बेईमानी है कि बावजूद इसके खुले खुले रुक जाने के जो आथम ने साठ या सत्तर आदमियों के सम्मुख किया फिर कहा जाए कि वह नहीं रुका क्या सारा आधार अल्लाह के ग़ज़ब का तो दज्जाल के शब्द पर था और इसी वजह यह एक भविष्यवाणी थी, और इस शब्द से रुक जाना एक शर्त थी। मुसलमान होने का भविष्यवाणी में कोई ज़िक्र नहीं अत: जब वह बहुत विनम्रता से रुक गया तो ख़ुदा ने भी दया के साथ लौटा। अल्लाह के इल्हाम का यह उद्देश्य नहीं था कि जब तक आथम इस्लाम न लाए मौत से न बचेगा क्योंकि इस्लाम के इनकार में तो सारे ईसाई भागीदार हैं ख़ुदा इस्लाम के लिए किसी पर अत्याचार नहीं करता और ऐसी भविष्यवाणी बिल्कुल अक्ल से परे है कि अमुक व्यक्ति अगर इस्लाम न लाए तो अमुक समय तक मृत्यु को पाएगा, दुनिया ऐसे लोगों से भरी पड़ी है। और जैसा कि मैं बार बार लिख चुका हूँ बस इस्लाम के इनकार से कोई पीड़ा किसी पर दुनिया में नहीं आ सकती बल्कि इस गुनाह के बारे में पूछताछ केवल क़यामत के दिन होगी। फिर आथम की इसमें कौन विशेषता थी कि इस्लाम के इनकार के कारण से उसकी मौत की भविष्यवाणी की गई और दूसरों के लिए नहीं की गई बल्कि भविष्यवाणी का केवल यह कारण था कि उसने आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के बारे में दज्जाल का शब्द उपयोग किया था। जिस कथन से इस ने साठ या सत्तर मनुष्य के सामने अपनी बात से रुक गया जिन में से कई शरीफ और सम्मानित थे जो इस सभा में मौजूद थे। फिर जबकि वह इस शब्द रुक गया बल्कि इस के बाद रोता रहा तो ख़ुदा तआला की जनाब में रहम के योग्य हो गया। लेकिन केवल इतना ही कि उसकी मौत में कुछ महीने देरी हो गई और मेरे जीवन में ही मर गया और वह बहस जो एक मुबाहिला का रंग में थी उसकी दृष्टि से वह अपनी मौत के कारण से झूठा साबित हुआ तो क्या अब तक वह भविष्यवाणी पूरी नहीं हुई, वास्तव में, यह पूरी हो चुकी है और पूरी तरह सफाई से पूरी हो गई है। ऐसे दिलों पर ख़ुदा का अभिशाप है कि ऐसे अचूक निशानों पर आपत्ति करने से रुकते नहीं आते अगर वे चाहें तो आथम के रुक जाने पर में चालीस आदमी के लगभग गवाह पेश कर सकता हूँ और इसलिए उसने कसम भी न खाई हालांकि सभी ईसाई कसम खाते और हज़रत मसीह ने स्वयं कसम खाई है और हमें बहस को विस्तृत करने की आवश्यकता नहीं है। आथम अब जीवित मौजूद नहीं है ग्यारह वर्ष से अधिक हो चुका है कि वह मर चुका है।

(हकीकतुल वह्यी, रूहानी ख़ज़ायन, जिल्द 22, पृष्ठ 221 से 223)

* इस बात की हज़ारों लोगों को ख़बर होगी कि जब आथम को शर्त के अनुसार इल्हाम की देरी दी गई तो उसने इस देरी का कोई धन्यवाद न किया बल्कि यह समझ कर कि कोई बला सिर से टल गई सच्चाई को छुपाना धारण किया और कहा कि मैं नहीं डरा और कसम खाने से इंकार किया। हालांकि ईसाई धर्म के सारे बुज़ुर्ग कसम खाते आए हैं और इंजील से साबित होता है कि हज़रत मसीह ने ख़ुद कसम खाई। पौलौस ने कसम खाई पितरस ने कसम खाई अत: उसका इस सच्चाई को छुपाने के बाद ख़ुदा ने मेरे पर प्रदर्शित किया कि वह अब जल्द मर जाएगा, तब मैंने इस विषय में एक विज्ञापन प्रकाशित किया। अत: अजीब बात है कि इस इश्तिहार की तारीख से जो मैंने इस दूसरे इल्हाम की दृष्टि से उसकी मौत के विषय में प्रकाशित किया था वह पंद्रह महीने के अंदर मर गया। अत: ख़ुदा ने आथम को जबकि उसने सच्चाई की राह छोड़ दी और सच्चाई को छुपाया वही पंद्रह महीने कायम रखे जिसके विषय में हमारे विरोधियों के घरों में मातम और शोर है। इसी में से। ☆ ☆ ☆

123 वां
जलसा सालाना क़ादियान

दिनांक 29, 30, 31 दिसम्बर 2017 ई. को आयोजित होगा

सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमिनीन अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने 123 वें जलसा सालाना क़ादियान के लिए दिनांक 29, 30 और 31 दिसम्बर 2017 ई.(जुम्अ:, हफता व इतवार) की स्वीकृति दी है। जमाअत के लोग अभी से इस शुभ जलसा सालाना में उपस्थित होने की नीय्यत करके दुआओं के साथ तैयारी आरम्भ कर दें। अल्लाह तआला हम सब को इस ख़ुदाई जलसे से लाभ उठाने की क्षमता प्रदान करे। इस जलसा सालाना की सफलता व बा-बरकत होने के लिए इसी तरह यह जलसा लोगों के लिए मार्ग दर्शन हो इसके लिए विशेष दुआएँ जारी रखें। धन्यवाद

(नाज़िर इस्लाह व इरशाद मरकज़िया, क़ादियान)

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमिनीन ख़लीफतुल मसीह अलख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़ का दौरा जर्मनी, अप्रैल 2017 ई. (भाग -7)

☆ वाक्फे ज़िन्दगी चौबीस घंटे, सप्ताह के सातों दिन और साल के 365 दिन वक्फ है।

☆ वक्फ ज़िन्दगी का उद्देश्य ही यह है कि आप चौबीस घंटे समर्पित हैं, सप्ताह के सातों दिन और साल के 365 दिन समर्पित कर रहे हैं। ☆ कई बार माल का भी नुकसान होता है, मिशन हाउस या अन्य लागत हैं उन पर भी हर मुरब्बी को ध्यान रखना चाहिए कि कम से कम खर्च करे और देखे कि जमाअत पर अधिक वित्तीय बोझ न पड़े, आप ने यह देखना है कि आप ने किस हद तक जमाअत को मालों को बचाना है और दूसरों को भी नसीहत करनी है, जब तक ख़ुद खर्च को नियन्त्रित नहीं करेंगे दूसरों को नसीहत नहीं कर सकते। ☆ हर मुरब्बी का काम है कि अन्य मुरब्बी का सम्मान और आदर करे, मुझे रिपोर्ट मिली है कि कई बार आप लोग दफ्तरों में बैठे दूसरों के विषय में हंसी ठट्ठा और उपहास बहुत ज्यादा कर रहे होते हैं जिसकी वजह से वहाँ बैठे दूसरे क्रमिकों पर बहुत ग़लत प्रभाव पैदा होता है। ☆ युवा मुरब्बियों को मैं विशेष रूप से कहना चाहता हूं कि आप लोगों ने डरना नहीं और आप ने बिना डरे सारे मुद्दे हिकमत से, कुरआन की शिक्षा के अनुसार, इस्लामी शिक्षा के अनुसार करने हैं। ☆ जहां देखें झगड़ा है वहाँ कह दें, क्योंकि तुम्हारा झगड़ा करने का इरादा है इसलिए हम तुम्हारे इन मामलों का जवाब नहीं देते। जमाअतों को कभी मौका न दें कि जमाअतें या उहदेदार आप पर उंगली उठाएं, जो मैंने पहले कह दिया है, फिर, फिर, फिर कह रहा हूँ कि अपना सुधार पहले करें, अपना दामन साफ होगा तो आपके ऊपर कोई भी उंगली उठाएगा तो फिर ही उस की पकड़ हो सकती है।

मुबल्लिग़ों से हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ की मुलाक़ात और महत्त्वपूर्ण नसीहतें हमें विश्व शान्ति के लिए कोशिश भी करनी चाहिए और दुआ भी

(रिपोर्टः अब्दुल माजिद ताहिर, एडिशनल वकीलुत्तबशीर लंदन)

(अनुवादकः शेख मुजाहिद अहमद शास्त्री)

16 अप्रैल 2017 (रविवार)

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ ने सुबह साढ़े पांच बजे पधार कर नमाज़े फ़ज्र पढ़ाई। नमाज़ पढ़ने के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ अपने निवास पर तशरीफ़ ले गए। सुबह हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ ने दफ्तर की डाक और रिपोर्ट देखीं और हुज़ूर अनवर विभिन्न दफ्तर की मामलों को पूरा करने में व्यस्त रहे।

फैमली मुलाकात

कार्यक्रम के अनुसार सवा ग्यारह बजे हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ अपने दफ्तर आए और परिवारों से मुलाक़ात शुरू हुई। आज कार्यक्रम के अनुसार 46 परिवारों के 174 लोगों ने अपने प्यारे हुज़ूर के साथ मुलाक़ात का सौभाग्य पाया। यह मुलाकात करने वाले परिवार जर्मनी के विभिन्न 40 जमाअतों और क्षेत्रों से आए थे। कुछ दोस्त और परिवार बड़ा लंबे सफर तय करके अपने प्यारे हुज़ूर से मुलाक़ात के सौभाग्य के लिए पहुचें थे। इन सभी ने अपने आक़ा के साथ तस्वीर बनवाने का सौभाग्य पाया। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह ने करूणा से शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों और छात्राओं को कलम प्रदान किए और छोटी उम्र के बच्चों और बच्चियों को चॉकलेट प्रदान किए। मुलाक़ातों का यह कार्यक्रम एक बजकर 35 मिनट तक जारी रहा।

बाद में आदरणीय आबिद वहीद ख़ान ने हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह बेनसरेहिल अज़ीज़ से दफ्तर मुलाकात का सौभाग्य हासिल किया। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ ने दो बजे तशरीफ लाकर नमाज़ ज़ोहर और असर जमा करके पढ़ाई। नमाज़ पढ़ने के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह बेनसरेहिल अज़ीज़ अपने आवास पर तशरीफ़ ले गए। पिछले पहर भी हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह बेनसरेहिल अज़ीज़ दफ़्तरी मामलों में व्यस्त रहे।

फैमली मुलाकातें

कार्यक्रम के अनुसार सवा छह बजे हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह बेनसरेहिल अज़ीज़ अपने दफ्तर आए और परिवारों से मुलाक़ात शुरू हुई। आज शाम इस सत्र में 38 परिवारों के 151 लोगों ने अपने आक़ा से मुलाकात का सौभाग्य पाया। मुलाक़ात करने वाले यह परिवार जर्मनी की निम्नलिखित जमाअतों आए थे।

Dietzenbach, Freiburg, वेज़बादन, Roedelheim, Paderborn, Heilbronn, Boeblingen, ड्रामसटड, रसेलहेम वेस्ट, Friedrichsdorf, Wuerzburg, Pfungstadt, Neuwied, Homburg / saar, मोरफीलडन, Stein Bach, Limesheim, Herborn, Ruedesheim, Soest, Usingen, Ginnheim, Florsheim, हायडल बर्ग, ग्रास गौराओ, Kranichstein West की जमाअतों से आई थीं। कुछ उनमें से बड़े लंबे सफर तय करके आई थीं। इसके अतिरिक्त दुबई जमाअत से आने वाले कुछ दोस्तों ने भी मुलाकात का सौभाग्य पाया। आज मुलाक़ात करने वाली ये सभी वे परिवार थे जो अपने जीवन में पहली बार हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनसरेहिल अज़ीज़ से मुलाक़ात का सौभाग्य पा रहीं थीं। आज का दिन उनके जीवन में उनके लिए और उनकी संतानों के लिए एक यादगार दिन था। ये लोग अपने प्यारे हुज़ूर से पहली बार मिले थे और आज यह कुछ क्षणों उनकी सारे जीवन की पूंजी थे। इन सभी ने अपने आक़ा के साथ इन मुबारक क्षणों को तस्वीरों में कैद किया जो उनके घरों की शोभा बनेंगी और उनकी आने आने वाली संतानों के लिए भी एक बहुमूल्य ख़ज़ाना होंगी। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनसरेहिल अज़ीज़ शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों तथा छात्राओं को कलम प्रदान किए और छोटी उम्र के बच्चों और बच्चियों चॉकलेट अ्रिफ्रति। मुलाक़ातों का यह कार्यक्रम आठ बजे तक जारी रहा।

आमीन का समारोह

इसके बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ मस्जिद में पधारे जहां कार्यक्रम के अनुसार आमीन का समारोह का आयोजन हुआ। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ ने करूणा से निम्नलिखित 30 बच्चों और बच्चियों से कुरआन की एक एक आयत सुनी और अंत में दुआ करवाई।

प्रिय शायान अहमद बाजवा, इमरान आरिफ, अल्बसर बादल भट्टी, रिजवान अहमद मलिक, सफवान अहमद राणा, बासित लुकमान काहलों, अब्दुल काफी महमूद, साक़िब महमूद, सैयद अताउल बाक़ी।

प्रिया नौरीन अहमद, नाईमा रज़ा, सारा शहज़ाद, आतफा रफीक, इफशा नूर काज़ी, जाइशा अहमद, अतयतुल अव्वल बट्ट, अमवाज़ वरूद साही, ईशा कंवल अहमद, रुमीहा समरह राजा, मदीहा अहमद, ज़ुहा ज़ीशान, बासमह अफज़ल, मरियम आबिद, अज़की ख़ुलअत, सबीकह हमीद , यास्मीन सईद, सैयद ईमान, आसफ़्तुन्नूर नवाज़, अमतुल बारी नवाज़, फरीहा मुबारक राणा।

आमीन के समारोह के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनसरेहिल अज़ीज़ ने दुआ करवाई। अब नमाज़ मग़रिब और इशा अदा करने में 10 मिनट का समय बाकी था। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ इस दौरान पधारे रहे फ़रमा और अपने सामने बैठे बच्चों की अपने पास बुला लिया और अनुकंपा कर के उन बच्चों से बातचीत की। उनसे उनकी कक्षाओं और शिक्षा के विषय में पूछा, इन सभी बच्चों ने अपने प्यारे हुज़ूर से शरफ़ हाथ मिलाया और मुबारक हाथ का चुंबन

शेष पृष्ठ 6 पर

ख़ुत्बः जुमअः

अल्लाह तआला की कृपा से आज ब्रिटेन का जलसा सालाना शुरू हो रहा है दुआओं में इन दिनों में बहुत ज़ोंर दें और जिन्हें तौफ़ीक़ है वह सदके भी दें कि अल्लाह तआला इस जलसा को हर लिहाज़ से सफल और बरकत वाला करे और सब लोग, यहां आकर शामिल होने वाले भी और दुनिया में विभिन्न देशों में रहने वाले अहमदी भी जो एम. टी. ए के माध्यम से जलसा की कार्यवाही सुन रहे हैं, जलसा के प्रत्येक मामले में सफलता और दुश्मन की हर बुराई से बचने के लिए दुआ करें।

पिछले ख़ुत्बा में मैंने मेहमान नवाज़ी करने वाले सेवकों को जलसा के मेहमानों की मेहमान नवाज़ी करने की तरफ ध्यान दिलाया था। आज संक्षेप में मेहमानों को ध्यान दिलाना चाहता हूं कि मेहमान के भी कुछ कर्तव्य और ज़िम्मेदारियां हैं जिसे उसने अदा करना है।

मेहमान का निःसन्देह इस्लाम में बहुत अधिकार है लेकिन इस्लाम एक ऐसा नरम और मध्यम शिक्षा देने वाला धर्म है जो केवल एक पक्ष को ही ज़िम्मेदारियों का एहसास दिलाकर उस तरफ ध्यान देने की नसीहत नहीं करता बल्कि दूसरे पक्ष को भी कहता है कि तुम भी अपने कर्तव्यों को अदा करो और जिन अधिकारों का अदा करना तुम पर वाजिब है तुम उन्हें अदा करों क्योंकि यही बात है जो प्यार, प्रेम और भाईचारा पर आधारित एक समाज के स्थापना की नींव रखेगी।

जलसा में आने का उद्देश्य तो तक्वा में उन्नति करना, ख़ुदा तआला से अपने संबंध में बढ़ना और एक दूसरे के अधिकार देना और एक दूसरे के लिए अपनी कुर्बानी की भावना और गुणवत्ता को बढ़ाना है।

जलसा में शामिल होने वाले मेहमान जब जलसा में शामिल होने के लिए आते हैं तो बस वह मेहमान नहीं होते कि बतौर मेहमान अपने से अच्छा व्यवहार और आराम की उम्मीद रखें बल्कि वह त्याग और बलिदान की उच्च गुणवत्ता प्राप्त करने वाले होने चाहिए और जलसा आयोजित करने का जो लक्ष्य है वह हर समय उनके सामने होना चाहिए जो जैसा कि मैंने कहा अल्लाह तआला से संबंध और आध्यात्मिकता में विकास है और एक दूसरे का अधिकार देना है।

जहां तक ग़ैर जमाअत मेहमानों का संबंध है तो निश्चित रूप से हम ने उनका ख्याल रखना है और उनके आतिथ्य में अपने संसाधनों के अनुसार जिस सीमा तक आराम उपलब्ध हो सकता है और आतिथ्य का हक़ अदा हो सकता है देना है।

एक अहमदी जलसा में शामिल होने के लिए आता है, तो उसे अपने आप को मेहमान और मेज़बान दोनों समझना चाहिए। तभी कुर्बानी और बलिदान की भावना में वृद्धि होगी और जलसा का माहौल एक शांतिपूर्ण और प्रेमपूर्ण परिवेश बन जाएगा।

जलसा सालाना पर पधारने वाले मेहमानों को हज़रत अक़्दस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के उपदेशों की रौशनी में अत्यधिक प्रमुख उपदेश। जलसा के अवसर पर बाज़ार तथा प्रदर्शनियों के बारे में वर्णन और मेहमानों और मेज़बानों को विभिन्न कामों के बारे में विशेष रूप से ध्यान देने की नसीहत।

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 28 जुलाई 2017 ई. स्थान -हदीकतुल महदी आलटन, यू.के.

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَ رَسُوْلُهٗ۔ أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ اَلْحَمْدُلِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِالْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَاالضَّآلِّيْنَ ۔

अल्लाह तआला की कृपा से आज ब्रिटेन का जलसा सालाना शुरू हो रहा है दुआओं में इन दिनों में बहुत ज़ोंर दें और जिन्हें तौफ़ीक़ है वह सदके भी दें कि अल्लाह तआला इस जलसा को हर लिहाज़ से सफल और बरकत वाला करे और सब लोग, यहां आकर शामिल होने वाले भी और दुनिया में विभिन्न देशों में रहने वाले अहमदी भी जो एम. टी. ए के माध्यम से जलसा की कार्यवाही सुन रहे हैं, जलसा के प्रत्येक मामले में सफलता और दुश्मन की हर बुराई से बचने के लिए दुआ करें।

पिछले ख़ुत्बा में मैंने मेहमान नवाज़ी करने वाले सेवकों को जलसा के मेहमानों की मेहमान नवाज़ी करने की तरफ ध्यान दिलाया था। आज संक्षेप में मेहमानों को ध्यान दिलाना चाहता हूं कि मेहमान के भी कुछ कर्तव्य और ज़िम्मेदारियां हैं जिसे उसने अदा करना है।

मेहमान का निःसन्देह इस्लाम में बहुत अधिकार है लेकिन इस्लाम एक ऐसा नरम और मध्यम शिक्षा देने वाला धर्म है जो केवल एक पक्ष को ही ज़िम्मेदारियों का एहसास दिलाकर उस तरफ ध्यान देने की नसीहत नहीं करता बल्कि दूसरे पक्ष को भी कहता है कि तुम भी अपने कर्तव्यों को अदा करो और जिन अधिकारों का अदा करना तुम पर वाजिब है तुम उन्हें अदा करों क्योंकि यही बात है जो प्यार, प्रेम और भाईचारा पर आधारित एक समाज के स्थापना की नींव रखेगी।

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने जब एक साल नाराज़गी व्यक्त फरमाते हुए जलसा का आयोजन नहीं फरमाया था तो उस समय इस का कारण भी जलसा में शामिल होने वालों के ग़लत व्यवहार थे। अर्थात आने वाले मेहमान अपने कर्तव्यों और हक़ अदा न करने की वजह से आप अलैहिस्सलाम के सदमे और नाराज़गी का कारण बने थे। आपने नाराज़गी की अभिव्यक्ति

इसलिए नहीं की कि जलसा सालाना में सीधे शामिल होने वाले किसी व्यक्ति से आपको कोई सीधा कष्ट पहुंचा था। बल्कि आप ने यह अभिव्यक्ति की कि तुम लोग जो जलसा में शामिल हुए हो एक दूसरे के अधिकार अदा नहीं कर रहे हो और न केवल यह कि एक दूसरे के हक़ अदा नहीं कर रहे बल्कि स्वार्थ और ख़ुदपसंदी भी व्यक्त कर रहे हो। अपने आराम को दूसरों के आराम पर प्राथमिकता दे रहे हो। जलसा में आकर इस प्रकार अभिव्यक्ति कर रहे हो कि यह कोई सांसारिक मेला है जबकि जलसा में आने का उद्देश्य तो तक्वा में उन्नति करना, ख़ुदा तआला से अपने संबंध में बढ़ना और एक दूसरे के अधिकार देना और एक दूसरे के लिए अपनी कुर्बानी की भावना और गुणवत्ता को बढ़ाना है और जब आप ने देखा कि इस गुणवत्ता पर कुछ लोग पूरा नहीं उतर रहे, तो आप को एक बड़ा सदमा पहुंचा है, जिस की अभिव्यक्ति आप ने स्पष्ट रूप से की।

(उद्धरित शहादतुल कुरआन, रूहानी ख़ाज़ायन, जिल्द 6, पृष्ठ 394 से 395)

अत: जलसा में शामिल होने वाले मेहमान जब जलसा में शामिल होने के लिए आते हैं तो बस वह मेहमान नहीं होते कि बतौर मेहमान अपने से अच्छा व्यवहार और आराम की उम्मीद रखें बल्कि वह त्याग और बलिदान की उच्च गुणवत्ता प्राप्त करने वाले होने चाहिए और जलसा आयोजित करने का जो लक्ष्य है वह हर समय उनके सामने होना चाहिए जो जैसा कि मैंने कहा अल्लाह तआला से संबंध और आध्यात्मिकता में विकास है और एक दूसरे का अधिकार देना है।

जहां तक ग़ैर जमाअत मेहमानों का संबंध है तो निश्चित रूप से हम ने उनका ख्याल रखना है और उनके आतिथ्य में अपने संसाधनों के अनुसार जिस सीमा तक आराम उपलब्ध हो सकता है और आतिथ्य का हक़ अदा हो सकता है देना है और विशेष रूप से कुछ देशों के सरदार जो हैं वे भी मेहमान बन कर आए हैं। उन का तक मेहमान बन के आने का संबंध है उनका आतिथ्य पर विशेष ध्यान देना चाहिए क्योंकि यह आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का इरशाद भी है कि राष्ट्रों के नेता और सरदार जो तुम्हारे पास आएं तो उन्हें सम्मान दो, उनका सम्मान करो और उनके लिए खाने पीने का प्रबन्ध करो।

(सुनन इब्ने माजा, किताबुल, हदीस 3712)

इसी तरह बहुत से लोग सत्य की तलाश में हैं, बहुत से लोग आते हैं। वे कोई भी लोग हों उनका आतिथ्य हमें पूरी तरह करना चाहिए। हमें हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने यही बात समझाई है। अत: आप अपने लंगर के सेवकों को यही हिदायत दिया करते था कि तुम किसी को जानते हो या नहीं। कोई बड़ा हो या छोटा, समृद्ध या ग़रीब है, तुम ने प्रत्येक की मेहमान नवाज़ी करनी है।

(उद्धरित मल्फ़ूज़ात जिल्द 6, पृष्ठ 226)

लेकिन जब एक अहमदी जलसा में शामिल होने के लिए आता है, तो उसे अपने आप को मेहमान और मेज़बान दोनों समझना चाहिए। तभी कुर्बानी और बलिदान की भावना में वृद्धि होगी और जलसा का माहौल एक शांतिपूर्ण और प्रेमपूर्ण परिवेश बन जाएगा।

मेहमान को हमेशा यह प्रयास करना चाहिए कि उस ने घर वाले के लिए तंगी के काम करने की ज़रूरत नहीं है, बल्कि सुविधा के सामान करने हैं। यी आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का उपदेश है।

(सहीह अलबुख़ारी, किताबुल अदब, हदीस 6135)

जलसा के दिनों में यहाँ इस जगह पर क्योंकि अस्थायी प्रबंध होता है इसलिए यहां आवास रखने वालों को वह आराम और सुविधा प्रदान नहीं की जा सकती जो एक स्थायी व्यवस्था में की जा सकती है। वहाँ भी सामूहिक निवास भी बनाए गए हैं और ख़ेमों में परिवारों के की भी व्यवस्था की गई है इस प्रबंध में बहुत सारी कमियां रह गई होंगी। जलसा में आने वाले मेहमानों के लिए जमाअत के मेहमान नवाज़ी के विभाग घरवाले की हैसियत रखते हैं इसलिए बजाय इन विभागों को इस नज़र से देखने कि यह जमाअत के विभाग हमारी सेवा पर तैनात किए गए हैं और अगर इनमें कहीं कोई कमी या कमज़ोरी है, तो हम हक रखते हैं कि उन्हें जो चाहे कहें और आराम प्राप्त करने की कोशशि करें तो यह ग़लत सोच है। ये काम करने वाले पुरुष और स्त्रियां जो सेवा कर रहें हैं ये कोई हमारे कर्मचारी नहीं हैं। यह उनकी विनम्रता और सेवा की भावना है जो वे अपने आप को हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के मेहमानों की सेवा के लिए प्रस्तुत करके दिखा रहे हैं। इन सेवा करने वालों में कुछ पढ़े लिखे और धन दौलत वाले लोग हैं इसलिए मेहमानों को चाहिए कि कार्यकर्ताओं के साथ ज़रूरत के समय नरमी और प्यार से बात कर के अपनी ज़रूरत को मांगें और अगर वे यानी कार्यकर्ता मजबूरी के कारण से माफी चाहें तो फिर ख़ुश दिली से उनकी माफी स्वीकार करें। इसी तरह, हमारे युवा लड़के लड़कियां भी बड़ी भावना से ड्यूटी देते हैं और दे रहें हैं। कभी-कभी कुछ बड़ों के ग़लत व्यवहार और बात करने के तरीके से इन नौजवानों को बड़ी ठोकर लगती है आर ये बड़े लोग इन की ठोकर का करण बन जाते हैं। इसलिए इस दृष्टि से भी प्रत्येक को ध्यान रखना चाहिए। बुज़ुर्गों को भी छोटों से स्नेह से व्यवहार करना चाहिए।

हर अहमदी आने वाला मेहमान अपने आप को केवल मेहमान न समझे, जैसा कि मैंने कहा, बल्कि इस इरादे से जलसा में शामिल हो कि मेरा मूल उद्देश्य जलसा में शामिल होकर हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की दुआओं का वारिस बनना है, जलसा की बरकतों से लाभ उठाना है और अपनी रूहानियत में तरक्की करनी है, न कि छोटी छोटी सांसारिक सुविधाओं और बातों के पीछे अपना समय बर्बाद करना है और माहौल को इसलिए मुकदर और ख़राब करना है। लेकिन कार्यकर्ताओं को भी यहाँ फिर मैं दोबारा यही कहूंगा कि जो भी स्थिति हो, जैसा भी किसी का व्यवहार हो, आप लोगों ने नैतिकता और धैर्य और साहस का प्रदर्शन करना है।

मेहमानों को खाने खिलाने के लिए जो भी उपलब्ध हो इन दिनों में इसे हंसी ख़ुशी से खा लेना चाहिए, देखें यह कितनी बड़ी भावना है कि कुछ लोग जो कुछ विभागों में अधिकारी हैं सिर्फ इसलिए कि हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम मेहमानों की सेवा में बरकतें हैं, आवकाश लेकर एक शौक और जोश से खाना पकाने की सेवा भी करते हैं। इसलिए, यदि खाने के मज़ा में आगर कमी रह जाए तो शिकायत की आवश्यकता नहीं है।

लेकिन जो खाना खिलाने वाले कार्यकर्ता हैं और जो भोजन वितरण करने वाले हैं वे भी याद रखें कि जब किसी को खाना दें तो सम्मान से दें और अगर कोई दस बार भी सालन मांगे और अपनी मर्ज़ी का सालन डलवाना डलवाना चाहे तो डाल दें। कभी-कभी खाना खिलाने के स्थानों पर छोटी छोटी चीज़ों पर कड़वाहट पैदा हो जाती है इस से बचने का प्रयास करना चाहिए।

इसी तरह मेहमान यह भी ध्यान रखें कि खाना खाकर जितनी जल्दी हो सके खाने की मार्की छोड़ दें ताकि दूसरे लोग भी आराम से आकर खाना खा सकें। कोशिश तो प्रशासन की यही होती है कि एक समय में अधिक से अधिक लोगों को खाना खिलाया जा सके और जगह भी व्यापक करके, बनाने की कोशिश की जाती है, लेकिन फिर भी भीड़ में कठिनाई आ जाती है। यदि मेहमानों का समर्थन हो तो फिर इस में भी सुविधा रहती है। मेहमानों के लिए दूसरी सुविधाएं बाथरूम आदि भी बेहतर प्रबंध करने की कोशिश की जाती है, लेकिन जैसा कि मैंने कहा कि अस्थायी व्यवस्था की वजह से कई बार मेहमानों को मुश्किल और परेशानी का भी सामना करना पड़ता है। इसे बर्दाश्त किया जाना चाहिए अब रात को ही मुझे रिपोर्ट मिली कि बाथरूम के एक भाग के निकास पाइप (Drain Pipe) टूट गया है जिसकी वजह से सीवर अवरुद्ध हो गए, बाथरूम को थोड़े समय के लिए बंद करना पड़ा और कठिनाई आई। यद्यपि प्रशासन इसे हल करने और उसे ठीक करने का प्रयास कर रही है, लेकिन मेहमानों को इस में और अधिक कठिन आ सकती हैं। इसके अलावा जैसा कि मैंने पिछले ख़ुत्बा में भी कहा था कि परिवहन और पार्किंग के प्रबंध में इस बार सुविधा के लिए कुछ परिवर्तन किया गया है और अभी तक जो मेरी रिपोर्ट है उसके अनुसार तो इस सुविधा का लाभ हो रहा है और आवागमन या ट्रैफिक जो जाम हो जाता था इस से काफी हद तक कम हो गया, बल्कि ट्रैफिक का उत्तम प्रवाह है। लेकिन फिर भी आने वालों को पार्किंग और परिवहन विभाग से तीनों दिनों में भी पूरा सहयोग करना चाहिए। जहां और जिस तरह भी कारों और लोगों को भा que और लाइनें लगानें को कहा जाए उसी तरह लगाएं जैसा

कि मैंने कहा, कारों की पार्किंग के लिए बड़ी पार्किंग और जगह भी ली गई है, वहां से बसें पर लाया जाएगा। इस में फिर पूर्ण सहयोग करें। यदि सहयोग होगा तो बिना किसी ट्रैफ़िक की रुकावट के आसानी से समय पर पहुंच सकते हैं। आमतौर हर साल जुम्अ: के समय लोग देरी से पहुंचते थे और अंत समय तक आ रहे होते थे बल्कि मुझे कहा जाता था कि कुछ लेट आए ताकि लोग पहुँच जांए। लेकिन इस बार ऐसा लगता है कि इस कारण से कुछ बेहतर प्रबंध है इसलिए आगे भी सहयोग करेंगे तो बेहतर प्रबंध जारी रहेगा अन्यथा परेशानी होगी।

इसी तरह जैसा कि पहले भी मैंने कहा था कि समय से पहले यात्रा शुरू करें ताकि समय पर पार्किंग की जगह पहुँच सकें और फिर बसों के द्वारा जलसा गाह पर लाने का प्रबंध किया जा सके।

इसी तरह सुरक्षा की समस्या हर साल बढ़ रही है इसलिए सुरक्षा जांच में भी सहयोग करें। अपना (Aims Card)और जहां यह नहीं है या पहचान पत्र की आवश्यकता है या पहचान पत्र की ज़रूरत है उस को दिखाने की ज़रूरत है वह ज़रूर दिखाए। जितनी बार दिखाने का कहा जाए दिखाऐं। अपना कार्ड और विशेष क्षेत्र का पास किसी अन्य को न दें। कई बार लोग ग्रीन क्षेत्र का कार्ड दूसरों को दे देते हैं या किसी भी जगह जाने की अगर access है किसी दूसरे को न दें। पिछले सालों में ऐसी घटनाएं हुई हैं कि अपने ग्रीन क्षेत्र के या किसी विशेष क्षेत्र के कार्ड अपने किसी परिचित या दोस्त को दे दिए और ये ग़लत हरकत कई बार कार्यकर्ताओं और अच्छे भले अधिकारी भी कर जाते हैं इसलिए सावधानी करनी चाहिए। चेकिंग करने वाले भी अगर किसी को एमज़ (AIMS) के अलावा दो कार्ड जारी हुए हैं तो दोनों जाँच किया करें और देखें कि एक ही नाम के ये दोनों होने चाहिए।

इसी तरह, इस वर्ष, शायद सुरक्षा जांचकर्ता यह जांच भी कर सकते हैं और उन लोगों को रोक जो अपने साथ पानी की बोतलें लाते हैं। इस जाँच में भी मदद करें क्योंकि सरकारी विभागों द्वारा हमें इस ओर ध्यान दिलाया गया है और यह सभी सुरक्षा उपायों के लिए है इसलिए सब को सहयोग करना चाहिए।

सुरक्षा जाँच करने वाले कार्यकर्ताओं का भी काम है कि चाहे कोई जानने वाला है, या नहीं जानने वाला है कार्यकर्ता है, या ग़ैर कार्यकर्ता है, अधिकारी है या अनौपचारिक प्रत्येक को चैक करें। इसलिए इस बारें में किसी को बुरा मनाने की आवश्यकता नहीं और चैकिंग करने वालों को शर्माने के आवश्यकता है।

इसी प्रकार यह भी ज़रूरी है कि प्रत्येक व्यक्ति अपने दाएं बाएं अपने माहौल पर नज़र रखे। यह बहुत महत्वपूर्ण है और सब से बढ़ कर, जैसा कि मैंने पहले कहा था, इन दिनों पर दुआओं पर ज़ोर दें। अल्लाह तआला प्रत्येक दृष्टि से जलसा को बरकत वाला फरमाए। जलासा की कार्यवाही सुनें और इधर उधर मत फिरें।

प्रशासन और सेवा करने वालों को एक बात ओर कहना चाहता हूं और पहले से ही कई बार कहा है कि प्रशासन को लोगों की सुविधा के लिए सबसे अधिक प्रयास करना चाहिए। कई बार कुछ लोग जो कुछ खा पी कर नहीं आते, घरों से जल्दी आ जाते हैं या सुबह खाने की आदत नहीं होती और फिर यहाँ आ कई बार भोजन के समय में देर हो जाती है तो लंबी भूख की वजह से उनकी तबीयत ख़राब होना शुरू हो जाती है। कुछ मरीज़ होते हैं जो लम्बे समय तक भूखा नहीं रह सकते हैं। यदि कोई ऐसा व्यक्ति है, तो खाना खाना की मर्की में किसी न किसी चीज़ का प्रबन्ध होना चाहिए और वहां ड्योटी पर लोग उपस्थित होने चाहिए। लेकिन अगर यह मामला है, तो मेहमान भी तुरंत खा कर वापस आएं और जलसा की कारवाई को सुनें।

इसी तरह, प्रशासन इस बात को भी सुनिश्चित करना चाहिए कि बाज़ार पूरी तरह से बंद हो गया है। किसी स्टाल या दुकान में स्टाल वाला या दुकान वाला भी मौजूद न हो। सब जलसा सुनें। सबसे पहले तो सुरक्षा का प्रबंध वहां होना चाहिए और बाज़ार के विभाग के लिए सुरक्षा प्रबंधन का जिम्मेदार होना चाहिए। लेकिन अगर फिर भी कुछ की तसल्ली नहीं है, अगर कोई बहुमूल्य सामान है, तो दुकान पर नहीं बैठना। वहां बाज़ार में एक कोने में एक जगह बनाएं जहां जलसा सुनने का प्रबन्ध हो और टीवी लगा हो।

इसी तरह यह बात भी कहना चाहता हूं कि जमाअत की तरफ से हर साल की तरह इस साल भी प्रदर्शनियां लगाई गई हैं जिनमें रिव्यू आफ रिलेजनज़ का प्रदर्शन भी होगा और साथ ही कफन मसीह प्रदर्शन भी होगा। अन्य ग़ैर-मुस्लिम विशेषज्ञ भी आ रहे हैं जो उनके व्याख्यान भी देंगे और सवालों के जवाब देंगे। इन में भी जो लोग रुचि रखते हैं उन्हें लाभ उठाना चाहिए।

इसी तरह "अलकलम' का प्रोजेक्ट भी रिव्यू आफ रिलेजनज़ के अधीन इस बार भी चलेगा जहां कुरआन की कोई न कोई आयत हाथ से लिखने का मौका दिया जाता है। इसमें लोग बहुत रुचि से शामिल होते हैं, तो जिन लोगों को कुछ रुचि है उन को लाभ उठाना चाहिए।

इसी प्रकार, आर्काईव विभाग के अधीन भी कुछ तबर्रुकों के प्रदर्शन का आयोजन किया गया है। वह भी देखने वाली चीज़ होगी। मख़ज़न तसावीर की तस्वीरों का प्रदर्शन है। लेकिन यह याद रखें कि यह जलसा की कार्यवाही के दौरान ये सब बन्द रहेंगी। जलसा की कार्यवाही को सब ध्यान से सुनें और भाषणों का लाभ उठाएं। उल्मा अल्लाह तआला की कृपा से कड़ी मेहनत से अपनी तकरीर तय्यार करते हैं, उन से भरपूर फायदा उठाना चाहिए। यह नहीं कि केवल अपनी पसंद के वक्ताओं या शीर्षकों को ध्यान से सुनें और उसमें रुचि लें और बाकी पर ध्यान न दें।

हजरत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फरमाते हैं। "सभी ध्यान पूर्वक सुनें। मैं अपनी जमाअत और स्वयं अपनी हस्ती और अपने स्वयं के लिए यही चाहता और पसंद हूँ कि ज़ाहरी कथ्नी जो व्याख्यानों में होती है उसे ही पसंद नहीं किया जाए और सारा उद्देश्य और भरसक प्रयत्न आकर उस पर ही न ठहर जाए कि बोलने वाला कैसी जादू भरी तकरीर कर रहा है? शब्दों में कैसा ज़ोर है? मैं इस बात पर सहमत नहीं हूँ।" फरमाते हैं " मैं तो यही पसंद करता हूँ और न बनावट और दिखावे से " (बनावट और दिखावा कोई नहीं) " बल्कि मेरी तबीयत और प्रकृति ही यही चाहती है कि जो काम हो अल्लाह तआला के लिए हो। जो बात हो ख़ुदा के लिए हो।"

फिर आप फरमाते हैं "हम जो कुछ कहें ख़ुदा तआला के लिए, उस की प्रसन्नता पाने के लिए, और जो कुछ सुनने ख़ुदा की बातें समझ कर सुनें और साथ ही पालन करने के लिए सुनें और मज्लिस नसीहत से हम केवल इतना ही हिस्सा न लें हैं कि यह कहें (कि) आज यह बहुत अच्छी नसीहत हुई।" सुनें ध्यान से सुनें और इस निय्यत से सुनें के पालन करना है केवल इस निय्यतसेन सुनें के नसीहत की प्रशंसा करनी है फिर आप फरमाते हैं कि "मुसलमानों के पतन और गिरने का एक बड़ा कारण है।"(क्यों गिरावट पैदा हुई दूसरे मुसलमानों में? इसका भारी कारण यही है कि वे इस इरादे से नहीं सुनते थे।) फरमाया " अन्यथा इतने जलसे और यूनियनों और मज्लिसें होती हैं और वहाँ बड़ी बड़ी तकरीर करने वाले और व्याख्याता अपने व्याख्यान पढ़ते और भाषण देते, शायर क़ौम की स्थिति पर मातम करते हैं। वह बात क्या है कि इसका कोई प्रभाव नहीं होता।" फरमाया कि "क़ौम दिन प्रति दिन तरक्की के स्थान पर पतन की तरफ की जा रही है।" (यही हम देखते चले आ रहे हैं और आजकल तो और भी अधिक भयानक परिस्थितियां होती चली जा रही हैं।) फरमाया कि "बात यही है कि इन मज्लिसों में आने जाने वाले श्रद्धा लेकर नहीं जाते।"

(मल्फ़ूज़ात, जिल्द 1 , पृष्ठ 398 से 401, संस्करण 1985 मुद्रित यू .के)

अत: इस बुनियादी बात को हर शामिल होने वाले को समझना चाहिए कि ईमानदारी के साथ जलसा के कार्यक्रम में शामिल हों। तकरीरों को सुनें और इस इरादे से सुनें कि हमें उनका पालन करने के लिए कड़ी मेहनत करनी है। अहमदी उलेमा पर अल्लाह तआला का यह बड़ा फज़ल है कि वे हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के ज्ञान से लाभ उठाते हैं। अल्लाह तआला और उसके रसूल की बातें इस से लाभ उठाते हुए हम तक पहुंचाते हैं। आध्यात्मिक और ज्ञान वर्धक विषय वर्णन करतें हैं। यदि हम वास्तव में इससे लाभ उठाने वाले हों, तो अपने जीवन में एक इंकलाब पैदा कर सकते हैं। अल्लाह तआला जलसा में समस्त शामिल होने वालों के उद्देश्यों को पूरा करने की शक्ति प्रदान करे।

☆ ☆ ☆

पृष्ठ 2 का शेष

लिया। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने करूणा से इन बच्चों के चेहरों पर हज़रत अक़दस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की अंगूठी लगाई। कितने ही ख़ुश नसीब थे यह बच्चे जो ऐसी अनश्वर बरकत ले गए जो किस्मत वालों को ही नसीब होती है। इन बच्चों के पीछे एक बच्ची बैठी हुई थी। हुज़ूर अनवर ने करूणा से उससे पूछा कहा कि तुम्हारी आमीन हुई। कुरआन दैनिक पढ़ती हो? बच्ची ने जवाब दिया कि मैं दैनिक कुरआन पढ़ती हूं।

एक बच्चे ने अपना हाथ हुज़ूर अनवर को दिखाया कि उसे फलबहरी की तकलीफ है। इस पर बच्चे के पिता ने उसकी बीमारी का थोड़ा विवरण बताया और बताया कि अब डॉक्टर वकार बसरा साहिब से होम्योपैथिक इलाज जारी है। हुज़ूर अनवर ने फरमाया अल्लाह तआला कृपा करे।

एक युवक ने निवेदन किया कि मेरी माँ थाईलैंड में हैं। दुआ करें कि उन का केस पास हो जाए। उन्होंने हुज़ूर को सलाम भेजा है। इस पर हुज़ूर अनवर ने कहा व अलैकुम अस्सलाम। अल्लाह तआला कृपा करे।

एक युवक ने निवेदन किया कि मेरी बेटी ने परीक्षा देनी है। उसकी सफलता के लिए दुआ करें। उस पर हुज़ूर अनवर ने फरमाया अल्लाह तआला कृपा करे।

एक युवक ने निवेदन किया कि मैं पाकिस्तान से आया हूं और अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर कर रहा हूं। सफलता के लिए दुआ का अनुरोध करता हूँ। उस पर हुज़ूर अनवर ने फरमाया अल्लाह तआला कृपा करे।

बाद में हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने नमाज़ मग़रिब और इशा जमा करके पढ़ाई। नमाज़ पढ़ने के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह बेनस्रेहिल अज़ीज़ अपने निवास पर तशरीफ़ ले गए।

17 अप्रैल 2017 (दिन सोमवार)

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने सुबह साढ़े पांच बजे पधारे लाकर नमाज़े फ़ज्र पढ़ाई। नमाज़ पढ़ने के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह बेनसरेहिल अज़ीज़ अपने आवास पर तशरीफ़ ले गए। सुबह हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह बेनसरेहिल अज़ीज़ दफ्तर के मामलों में व्यस्त रहे। कार्यक्रम के अनुसार साढ़े ग्यारह बजे हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह बेनसरेहिल अज़ीज़ अपने दफ्तर पधारे और परिवारों से मुलाक़ात शुरू हुई।

फैमली मुलाकात

आज सुबह इस सत्र में 49 परिवारों के 181 लोग अपने प्यारे हुज़ूर से मिलने का सौभाग्य पाया। मुलाक़ात करने वाले यह परिवार जर्मनी की 38 विभिन्न जमाअतों और क्षेत्रों से आए थे। प्रत्येक परिवार ने हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह बेनसरेहिल अज़ीज़ के साथ तस्वीर बनवाने का सौभाग्य पाया। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने करूणा से शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों और छात्राओं को कलम प्रदान किए और छोटी उम्र के बच्चों और बच्चियों को चॉकलेट प्रदान किए। मुलाक़ातों का यह कार्यक्रम एक बज कर चालीस मिनट तक जारी रहा। बाद में आदरणीय आबिद वहीद ख़ान इन्चार्ज प्रेस एंड मीडिया दफ्तर लंदन ने हुज़ूर अनवर के साथ मुलाकात का सौभाग्य पाया। बाद में दो बजे हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने तशरीफ लाकर नमाज़ ज़ोहर व अस्र जमा करके पढ़ाई। नमाज़ पढ़ने के बाद हुज़ूर अनवर अपने निवास पर तशरीफ़ ले गए।

मुबल्लिग़ों की हुज़ूर अनवर के साथ मुलाक़ात

आज कार्यक्रम के अनुसार जर्मनी में सेवा करने वाले मुबल्लिग़ों की हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह बेनसरेहिल अज़ीज़ के साथ एक मुलाक़ात थी। इस मुलाक़ात में जामिया कनाडा वर्ष 2016 ई में स्नातक होने वाले आठ मुरब्बी भी शामिल थे। यह मुरब्बी जो अपने प्रशिक्षण कार्यक्रम के आधीन लंदन में हैं। जर्मनी के इस सफर में हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह बेनसरेहिल अज़ीज़ के काफिला में शामिल हैं। प्रोग्राम के अनुसार छह बजे हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह बेनसरेहिल मीटिंग के लिए तशरीफ़ लाए। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने दुआ करवाई।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ मुबल्लिग़ इन्चार्ज साहिब जर्मनी से जमाअतों, मस्जिदों और केंद्रों की संख्या और मुबल्लिग़ों की संख्या के विषय में पूछा। इस पर मुबल्लिग़ इन्चार्ज साहिब ने बताया कि जमाअतों की कुल संख्या 258 है और मस्जिदों की संख्या 51 और नमाज़ केंद्रों की संख्या 80 के क़रीब है। इस समय 52 मुबल्लिग़ जर्मनी में सेवा कर रहे हैं, जिनमें 33 मुबल्लिग़ मैदान में हैं। 15 मुबल्लिग़ जामिया अहमदिया जर्मनी में बतौर शिक्षक सेवा कर रहे हैं, जबकि चार मुबल्लिग़ जमाअत के दफ्तरों में सेवा पर तैनात हैं।

बाद में हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ मैदान में काम करने वाले 33 मुबल्लिग़ों से बारी बारी उनके सुपुर्द जमाअतों और क्षेत्रों की संख्या के विषय में पूछा। तथा हुज़ूर अनवर ने विस्तार के साथ प्रत्येक से पूछा कि आप जुम्अ: की नमाज़ कहां कहां पढ़ाते हैं। हर जमाअत, क्षेत्र की बारी कितनी देर बाद आती है। अपने केंद्र में वर्ष में कितने जुम्अ: पढ़ाते हैं। किन जमाअतों और हलकों की तजनीद (संख्या) अधिक है और किन में कम है। प्रत्येक के ज़िम्म इलाका, क्षेत्र में कितनी मस्जिदें हैं और कितने सेंटर हैं और जहां मस्जिद या नमाज़ सेंटर नहीं हैं वहाँ जुम्अ: का क्या प्रबंधन है। इसी प्रकार हुज़ूर अनवर ने जुम्अ: की हाज़री के बारे भी पूछा कि बड़ी जमाअतों और छोटी जमाअतों में क्या हाज़री होती है। लोग कितनी कितनी दूरियों से आते हैं। प्रत्येक ने अपने ज़िम्मा क्षेत्र के हवाले से अपनी रिपोर्ट पेश की।

एक मुबल्लिग़ सिलसिला ने निवेदन किया कि मेरी ड्यूटी तब्लीग़ विभाग के अधीन है उस पर हुज़ूर अनवर ने फरमाया चाहे तब्लीग़ विभाग के आधीन ही हो लेकिन जुम्अ: की नमाज़ पढ़ाया जा सकता है। हुज़ूर अनवर ने फरमाया जिन मुरब्बियों की ड्यूटी दफ्तरों में है चाहे लिखने में है, प्रकाशन में है, एम.टी.ए में है या किसी और दफ्तर है, सब मुरब्बी विभिन्न जमाअतों में जाकर जुम्अ: पढ़ाएंगे। हुज़ूर अनवर ने फरमाया नियमित आरगनाईज़ करके, योजना करके इन सभी जमाअतों में जुम्अ: पढ़ाने के लिए भिजावाएँ। जमाअतों की संख्या अधिक है और मुबल्लिग़ों की संख्या कम है इसलिए सभी मुबल्लिग़ जहां भी हों जुम्अ: पढ़ाएंगे।

दो मुबल्लिग़ों ने बताया कि उनकी तब्लीग़ विभाग के आधीन हॉटलाइन पर ड्यूटी है। उस पर हुज़ूर अनवर ने फरमाया जुम्अ: के दिन उस समय क्या सवाल आते हैं। इस पर निवेदन किया गया कि लोग अधिकतर जुम्अ: के समय के बारे पूछते हैं।

उस पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला ने फरमाया मुरब्बी जुम्अ: का समय बताने के लिए नहीं हैं। आप दोनों भी जमाअतों में जाकर जुम्अ: पढ़ाएं। कोई यहाँ नहीं बैठेगा। हुज़ूर अनवर ने फरमाया घाना में यह हाट लाइन प्रणाली स्थापित है। जामिया घाना के वरिष्ठ वर्ग के छात्र लोगों के प्रश्नों के उत्तर देते हैं। लोगों से संपर्क करके अधिक कार्यवाही करते हैं। उनके सवाल और जवाब और संपर्कों के परिणाम में वहाँ बैअतें भी हुई हैं। तो यहाँ भी जुम्अ: के दिन काम के लिए जामिया जर्मनी के वरिष्ठ छात्रों को भिजवाया जा सकता है। उनकी ड्यूटी लगाई जा सकती है। बहरहाल जो मुबल्लिग़ हैं वे जुम्अ: पढ़ाएंगे।

एक मुबल्लिग़ सिलसिला ने निवेदन किया कि उनकी ड्यूटी एम.टी.ए में है। उस पर हुज़ूर अनवर ने कहा जुम्अ: दिन जाएं और किसी जमाअत में जुम्अ: पढ़ाएं।

एक मुबल्लिग़ सिलसिला ने निवेदन किया कि मेरी ड्यूटी समी बसरी विभाग में कार्यक्रमों की जाँच है और मैं जुम्अ: की नमाज़ मस्जिद नूर में पढ़ा हूँ उस पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला ने फरमाया ठीक है।

दो मुरब्बियों ने निवेदन किया कि वह जमाअत कार्यक्रम के आधीन विश्वविद्यालय में दाखिला ले कर और शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं और जिस जमाअत में रहते हैं वहाँ अन्य जमाअत जिम्मेदारियां भी निभाते हैं। उस पर हुज़ूर अनवर ने फरमाया ठीक है।

मुबल्लिग़ सिलसिला मुहम्मद अशरफ ज़िया साहिब जो यहाँ बैयतुस्सबूह केंद्र काम कर रहे हैं और उनके ज़िम्म बुल्गारिया के हवाले से निगरानी और साहित्य की तैयारी और 100 मस्जिदों के निर्माण के संदर्भ में कुछ काम सौंपे गए हैं, उन बारे में हुज़ूर अनवर ने इरशाद फ़रमाया कि उनके यहाँ से फील्ड में भिजवाएं। किसी जमाअत में भिजवाएं और वहाँ उनकी पोस्टिंग करें। जो बुल्गेरियाई भाषा में साहित्य आदि तैयार करना है, जहां भी निर्धारित होंगे वहाँ से कर सकते हैं। बाकी अगर मस्जिदों के निर्माण के आधीन किसी जमाअत में भिजवाना है तो जहां उन की नियुक्त होगी वहाँ से भी भिजवा सकते हैं। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला ने फरमाया उन्हें किसी कठिन केंद्र में भेजें जहां लोग विशेष प्रशिक्षण चाहते हैं।

जामिया के उस्तादों के बारे में हुज़ूर अनवर ने हिदायत फ़रमाई कि जामिया में छुट्टियां होती हैं इस दौरान इन उस्तादों से भी काम लिया जा सकता है। उस्तादों का कार्यक्रम प्रिंसिपल साहिब के साथ इस तरह करें कि यह जमाअतों में जाकर जुम्अ: भी पढ़ाएं और साल में जो तीन बार छुट्टियां होती हैं इस दौरान उनसे लाभ उठाएं और उन्हें जमाअतों में प्रशिक्षण के कार्यक्रमों के लिए भिजवाएं। हुज़ूर अनवर ने फरमाया जामिया अहमदिया रबवा उस्ताद जमाअतों में जाकर दौरा करते हैं तो यहाँ के जामिया के उस्ताद क्यों नहीं कर सकते।

एक मुबल्लिग़ सिलसिला ने निवेदन किया कि ख़ुद्दामुल अहमदिया में एतमाद

विभाग में काम करता हूँ उस पर हुज़ूर अनवर ने फरमाया एतमाद विभाग में ड्यूटी दे रहे हैं तो अपनी मजलिसों में दौरे भी किया करें।

तुलनात्मक धर्म के शिक्षक शोएब उमर ने बताया कि जामिया जर्मनी से वर्ष 2015 ई में स्नातक हुए थे। अब तुलनात्मक धर्म के विषय में विशेषज्ञता कर रहे हैं। प्रिंसिपल साहिब जामिया जर्मनी ने बताया कि रबवा से तुलनात्मक धर्म का पाठ्यक्रम मंगवाया गया है उसके अनुसार यह पढ़ रहे है और विशेषज्ञता रहे हैं। उस पर हुज़ूर अनवर ने फरमाया यह नियमित अपनी पढ़ाई और कारगुजारी की रिपोर्ट प्रिंसिपल साहिब को दिया करें और प्रिंसिपल साहिब निगरानी भी रखें।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ कहा कि जामिया अहमदिया के निकटतम जो जमाअतें हैं और केंद्र हैं आप वहाँ जुम्अ: की नमाज़ पढ़ाने के लिए जामिया अहमदिया के उस्तादों को भी भिजवा सकते हैं। न्यूनतम वर्ष के 26 जुम्अ: तो आराम से पढ़ा सकते हैं। उस्तादों को विश्वविद्यालय की छुट्टियों में भी प्रयोग करें। उनकी ग्रीष्मकालीन की लंबी छुट्टियाँ होती हैं फिर ट्रम के बाद भी दो बार छुट्टियां होती हैं। ऐसे लगभग तीन बार छुट्टियां होती हैं। पंद्रह पंद्रह दिनों में और दो महीने के लिए, इसमें उनसे लाभ उठाएं। उन्हें प्रशिक्षण के कार्यक्रमों के लिए भेजा करें और जो मना कर उसकी मुझे रिपोर्ट करें।

हुज़ूर अनवर ने फरमाया: मेरी जानकारी के अनुसार जब कुछ जमाअत अपने तब्लीग़ी कार्यक्रम बनाती हैं तो लोग ऐन वक्त पर उनके कार्यक्रमों में शामिल होने से इनकार कर दिया है कि हमारे पास समय नहीं है और अमुक जगह पर व्यस्तता है। कई बार तो शुरू में इनकार कर देते हैं कुछ मुरब्बियों के बारे में शिकायत है कि वे हाँ करके फिर ठीक अवसर पर कह देते हैं कि हमें अमुक व्यस्तता हो गई है हम आ नहीं सकते। यह बिल्कुल ग़लत तरीका है।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने मुबल्लिग़ इन्चार्ज मुखातिब होते हुए फरमाया कि जमाअत जो कार्यक्रम बनाती हैं और मुबल्लिग़ों को बुलाती हैं, सदर जमाअत या क्षेत्रीय अमीर या जो भी संबंधित अधिकारी है जिसने कार्यक्रम आरगनाईज़ किया है वह आपको सूचित किया करे कि हम ने यह कार्यक्रम बनाया है। आगे आप का काम है कि आप देखें कि इस कार्यक्रम का पालन हुआ है या नहीं। और अगर मुरब्बी ने किसी कारण शामिल होने से इनकार किया है तो क्या genuine कारण था या आदत से इनकार कर दिया है। आप अपने इन कार्यक्रमों के लिए जामिया के उस्तादों से भी लाभ लें ताकि अधिकतम जमाअत मुरब्बियों से लाभ उठाए। जो आप के मुख्य दफ्तर हैं वहाँ काम करने वाले मुरब्बियों से भी लाभ उठाएं।

हुज़ूर अनवर ने फरमाया: प्रिंसिपल जामिया जर्मनी शमशाद अहमद क़मर साहिब, जामिया अहमदिया रबवा में पढ़ाते रहे हैं और जमाअत के दौरों पर भी जाते रहे हैं तो यहाँ उस्ताद क्यों नहीं जा सकते। जो मुरब्बी दफ्तरों या संस्थानों में काम कर रहे हैं उनसे लाभ उठाएं और जमाअत के कार्यक्रमों में भिजवाया करें। मेरे निकट निकम्मे मुरब्बी वे हैं जो घर में बैठे रहते हैं। बाकी सब समय देते हैं। वक्फ ज़िन्दगी का उद्देश्य ही यह है कि आप चौबीस घंटे समर्पित हैं। सप्ताह के सातों दिन और साल के 365 दिन समर्पित हैं।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ फरमाया: एक यह भी शिकायत है कि कुछ जगह, कई बार माल का भी नुकसान होता है। दौरे पर जा रहे हैं तो योजना करके जाना चाहिए कि कम से कम खर्च में आप कहाँ पहुँच सकते हैं। छोटी कारों का उपयोग करें ताकि कम खर्च हो, पेट्रोल भी कम खर्च होगा। फिर मिशन हाउस के या अन्य लागत हैं उन पर भी हर मुरब्बी को ध्यान रखना चाहिए कि कम से कम खर्च करे और देखे कि जमाअत पर अधिक वित्तीय बोझ न पड़े।

आप ने यह नहीं देखना कि अमुक अधिकारी कितना खर्च करता है या जमाअत कैसे खर्च कर रही है। आप ने यह देखना है कि आप किस हद तक जमाअत के माल को को बचाना है और दूसरों को भी नसीहत करनी है। जब तक ख़ुद खर्च को नियंत्रित नहीं करेंगे दूसरों को नसीहत नहीं कर सकते। कुछ जमाअतें, कुछ अधिकारी, कुछ सदरान और हाकिमों अगर अधिक खर्च कर रहे हैं वहाँ आप का काम है कि उन्हें समझाना और जमाअत के मालों पर नज़र रखना। लेकिन अगर आपका अपना खर्च ख़ुद नियंत्रित नहीं है और आप लोग अधिक डीमानडिंग हैं तो अधिकारी भी आप पर उंगलियां उठाएंगे कि पहले अपने आपको संभालो, हमें क्या नसीहत कर रहे हो।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने फरमाया: इसी तरह हर मुरब्बी का काम है कि अन्य मुरब्बी का सम्मान और इज़्ज़त करे। यह भी मुझे रिपोर्ट मिली है कि कई बार आप लोग दफ़्तरों में बैठे दूसरों के विषय में हंसी ठट्ठा औरा उपहास बहुत ज्यादा कर रहे हैं जिसकी वजह से वहाँ बैठे दूसरे क्रमिकों पर बहुत ग़लत प्रभाव पैदा होता है। दफ्तरों में काम करने वाले मुरब्बियों का काम है कि अपने काम से काम रखें। अन्य लोगों को तो खड़े होकर भाषण देते हैं "अनिल लग़्वे मुअरज़ून" लेकिन आप लोग लग़्व में पड़े होते हैं। फ़ज़ूल गपबाज़ी, लोगों की टांगें खीचना। कुछ मुरब्बियों की शिकायत है वह इसमें पीड़ित हैं। बजाय कि एस कि मैं नाम लेकर बताऊं जनरल कह रहा हों, जिन जिन में है वे अपनी कमज़ोरियों पर नज़र रखे। दूसरों की कमज़ोरियों तलाश करने के बजाय अपने आप को देखें और फिर छिपाने की भी आदत डालें। मैं कुछ सप्ताह पहले जो एक विस्तृत ख़ुत्बा भी दिया था उसे ध्यान से सुनो।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ फरमाया: यदि आप ने अपना सुधार कर लिया तो नियंत्रण कर लिया तब ही आप जमाअत को सही तरह समझा सकते हैं और तब ही ऐसे उहदेदार जो मुरब्बियों पर आपत्ति करने वाले हैं, ग़लत आपत्ति करने वाले बहुत से हैं उनकी आपत्ति तभी आप अस्वीकार कर सकते हैं या निकाल सकते हैं या उन्हें जवाब दे सकते हैं या उन का सुधार कर सकते हैं या अमीर साहिब को और मिशनरी इन्चार्ज साहिब या प्रशासन को बता सकते हैं या मुझे लिख सकते हैं जब ख़ुद आप हर तरह की मानवीय सीमा तक जितनी सीमा तक सुधार हो सकता है वह हो और सुधार की तरफ ध्यान हो।

